## खबर संक्षेप

### आम जनों को दी जल स्त्रोतों के संरक्षण की जानकारी

**छिंदवाड़ा।** स्वच्छता एवं जल के महत्व को जन जन तक समझाने के लिए हम सभी के मिले जुले प्रयास किये जाने चाहिए ताकी इन सामुहिक प्रयासों से स्वच्छता एवं धरती के जल को सुरक्षित कर सके इस बात की जानकारी देने के लिये मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंर्तगत जल स्त्रोतों की स्वच्छता अपनाने ग्राम माल्हनवाड़ा मे जन जागरूकता लाने जल संरक्षण के नारे लेखन किया गया ।इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्शदाता श्यामल राव ,एम एस डब्ल्यू के छात्रो ने ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीण जनो को जल का संरक्षण , खुले पाईप मे नलो की टोंटी लगाने , ओर पानी का अपव्यय ना करने की अपील की है, आज जल बचावगे तो, कल सुरक्षित रह पाओगे ।वही स्कूल जाकर छात्रो को भी जल संवर्धन के उपायो को समझाकर बरसात मे अधिक से अधिक पोधो का रोपण करने कहा गया ।

### जेल में जेल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के पूर्व प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आज जिला जेल छिंदवाड़ा में ₹विशेष जेल लोक अदालत₹ का आयोजन किया गया। विशेष जेल लोक अदालत का शुभारंभ केन्द्रीय जेल ग्वालियर से माननीय न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया । इसके बाद जिला जेल छिंदवाड़ा में विशेष जेल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री हुद्दार ने अपने उद्बोधन में बंदियों को संबोधित किया।

### झूलती हाई-वोल्टेज लाइन से बड़ा हादसा टला, प्रशासन बेखबर

# रिछन नदी का पुल बना 'मौत का पुल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी क्षेत्र में स्थित रिछन नदी का पुल इन दिनों लोगों के लिए सुविधा से ज्यादा खतरे का पर्याय बनता जा रहा है। पुल के ठीक ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज बिजली लाइन पिछले दो वर्षों से बेहद खतरनाक तरीके से नीचे झूल रही है। हालात इतने गंभीर हैं कि पुल की सतह से तारों की ऊंचाई महज 10 से 15 फीट तक सिमट गई है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की उदासीनता लोगों की चिंता को और बढ़ा रही है।





#### व्यस्त मार्ग, बढ़ता खतरा

सिंगोड़ी से परासिया, पलटवाड़ा और आसपास के माइनिंग क्षेत्रों को जोड़ने वाला यह सड़क मार्ग अत्यंत व्यस्त है। दिनभर यहां से भारी वाहनों, ट्रकों और बसों का आवागमन लगा रहता है। खासकर इन दिनों शादी-विवाह का सीजन होने के कारण बारातियों से भरी बसें भी इसी मार्ग से गुजर रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी बस की छत पर बैठे लोग या सामान इन झूलते तारों के संपर्क में आ जाएं, तो एक साथ कई जिंदगियां खत्म हो सकती हैं। इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

#### दो साल से लटका खतरा, कार्रवाई शून्य

ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या कोई नई नहीं है। पिछले दो वर्षों से यह हाई-वोल्टेज लाइन लगातार नीचे झूल रही है। कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग को दी गई, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।सबसे हैरानी की बात यह है कि बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी रोज इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन उन्हें यह स्पष्ट खतरा नजर नहीं आता और वे नजरअंदाज कर रहे हैं।

#### ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

स्थानीय ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते तारों को ऊंचा नहीं किया गया, तो इसका खामियाजा निर्दोष लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ सकता है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हाल ही में सिंगोड़ी सब स्टेशन में नए जूनियर इंजीनियर की नियुक्ति हुई है, लेकिन उन्होंने उपभोक्ताओं की शिकायतों के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप को भी बंद कर दिया है। इससे लोगों के लिए अपनी समस्या पहुंचाना और भी मुश्किल हो गया है।

#### बारातियों और ऊंचे वाहनों पर मंडरा रहा खतरा

शादी के इस सीजन में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। बारात लेकर जा रही बसों में अक्सर लोग छत पर बैठ जाते हैं या सामान रखा होता है। ऐसे में झूलते तार सीधे जानलेवा साबित हो सकते हैं।माइनिंग क्षेत्र होने के कारण यहां से बड़े और ऊंचे वाहन भी गुजरते हैं, जिनके लिए यह लाइन किसी भी वक्त घातक साबित हो सकती है।

#### प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

रामीणों ने जिला प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उनका कहना है कि हादसे के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि समय रहते खतरे को टाला जाए।

#### इनका कहना है

इस मामले में कार्यपालन अभियंता अमरवाड़ा, राजेश बेलवंशी का कहना है कि हां, यह मामला हमारे संज्ञान में है। जल्द ही उस सर्विस लाइन को ऊपर किया जाएगा।

## उप संचालक कृषि ने किया झिरपा में गेहूं-चना खरीदी केंद्र का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह ने आज जिले के विकासखंड तामिया के ग्राम झिरपा स्थित श्री हरि वेयर हाउस में संचालित गेहूं-चना खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से चर्चा कर खरीदी प्रक्रिया की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, जिस पर किसानों ने भी संतुष्टि व्यक्त की। उप संचालक कृषि श्री सिंह ने बिना नरवाई जलाए हार्वेस्टर से गेहूं कटाई के बाद सुपरसीडर के माध्यम से सीधे बोई गई मूंग फसल का भी अवलोकन किया। किसानों ने बताया कि पूरे ग्राम में इस वर्ष नरवाई जलाने की एक भी घटना नहीं हुई है। साथ ही जमुनिया और चवलपानी क्षेत्रों में भी इस बार ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। ग्राम झिरपा में चर्चा के दौरान किसानों ने बताया कि इस वर्ष गांव के सभी किसानों ने संकल्प लिया था कि कोई भी किसान नरवाई में आग नहीं लगाएगा, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला है।

## मप्र की टीम ने तेलंगाना के जाडचेरला में गुजरात को हराकर पहली जीत अपने नाम दर्ज की

**छिन्दवाड़ा।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता (17 वर्ष बालक वर्ग) में मध्यप्रदेश की टीम ने तेलंगाना के जाडचेरला में गुजरात को हराकर पहली जीत अपने नाम दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की टीम ने 15 ओवर में 126 रन बनाए। जवाब में मध्यप्रदेश की टीम ने 9 ओवर 5 गेंद में लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। मैच में प्रियवृत पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 50 रन बनाए और 2 विकेट भी हासिल किए। यथार्थ डेहरिया ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 1 मेडन सहित मात्र 4 रन देकर 1 विकेट लिया। वहीं राज रघुवंशी ने 22 रन, आकर्ष ने 20 रन का योगदान दिया और नीरज चौहान ने 2 विकेट प्राप्त किए। टीम के दल प्रबंधक श्री प्रताप सिंह इवनाती, मैनेजर श्री महेश कुमार डोंगरे एवं कोच श्री असलम खान हैं। टीम की इस जीत पर जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा श्री जी.एस. बघेल, सहायक संचालक शिक्षा श्री डी.पी. डेहरिया, श्री पी.एल.मेश्राम, श्री धीरज जाटव, खेल शिक्षक श्री योगेश्वर चौरिया एवं श्री आनंद गिरिपुंजे ने बधाई देते हुए आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## समर कैंप में एथलेटिक्स एक्टिविटी का महाकुंभ

**जुन्नारदेव।** आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा समर कैंप के दौरान खिलाड़ियों के उत्साह, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 26 एवं 27 अप्रैल को एथलेटिक्स एक्टिविटी प्रतियोगिता का भव्य एवं रोमांचक आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन ने विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण को ऊर्जा, उत्साह और खेल भावना से सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता को और अधिक रोचक बनाने के लिए खिलाड़ियों को चार टीमों उड़ान वॉरियर्स, चैंपियन चिंगारी, वीर शक्ति स्ट्राइकर और स्पीड स्टार में विभाजित किया गया। प्रत्येक टीम में 15-15 बालक एवं बालिकाएं शामिल रहे, जिन्होंने पूरे जोश और टीम भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 50 मी आइसक्रीम रेस,70 मीटर हर्डल जिगजैग रेस, 200 मीटर, 400 मीटर तथा 600 मीटर क्रॉस कंट्री जैसी चुनौतीपूर्ण स्पर्धाएं आयोजित की गईं। सभी खिलाड़ियों ने पिछले एक माह तक कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास के बाद इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसका प्रभाव उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन में साफ नजर आया। प्रतियोगिता में अंक प्रणाली भी बेहद आकर्षक रही, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी अपनी टीम के लिए दो-दो स्पर्धाओं में भाग लेकर अधिकतम 10 अंक अर्जित करने का प्रयास कर रहे है। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5 अंक, द्वितीय पर 3 अंक, तृतीय पर 2 अंक और चतुर्थ स्थान पर 1 अंक प्रदान किया गया। इसी आधार पर टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और चार टीमों में से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली टीम विजेता घोषित की जाएगी।



## जिले में आमजनों की खुशी में शामिल हुए सांसद विवेक साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

हर किसी के सुख दुख में हमेशा ही उनके साथ खड़े रहने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले में विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों की खुशी में शामिल होकर लोगों के बीच अपनेपन का परिचय दिया। विदित हो कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और आमजनों के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के सुख दुख में भी शामिल हुए। अति व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद श्री साहू के स्वभाव में शामिल हैं। सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम मालीखेरी में यधुराज सिंह रघुवंशी के निवास स्थान पहुंचकर उनकी सुपुत्री के विवाह की शुभकामनाएं व बधाई दी। खेरी में संयोष साहू के निवास स्थान पहुंचकर उनकी सुपुत्री के शुभ विवाह के अवसर पर शुभकामनाएं व बधाई दी।

## 55वीं क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

### क्रिकेट में हुए रोमांचक मुकाबले, दर्शकों की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



55वीं क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर क्षेत्रीय उपायुक्त श्री दिग्गराज मीना एवं सहायक आयुक्त श्री हीरालाल थे। इस अवसर पर पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा के प्राचार्य श्री हरिप्रसाद धारकर भी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के पहले दिन क्रिकेट मुकाबलों का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। अंडर-17 के मैच शुक्ला ग्राउंड में तथा अंडर-14 के मुकाबले पीजी ग्राउंड में खेले गए।

अंडर-14 वर्ग के पहले मुकाबले में केन्द्रीय विद्यालय सीएमएम जबलपुर और जीसीएफ क्रमांक-1 जबलपुर आमने-सामने हुए। केन्द्रीय विद्यालय सीएमएम जबलपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 68 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में जीसीएफ क्रमांक-1 की टीम ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य हासिल कर 9 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में केन्द्रीय विद्यालय जीसीएफ के मयूर ने सर्वाधिक 23 रन बनाए।

वहीं अंडर-17 वर्ग का पहला मुकाबला शुक्ला ग्राउंड में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा और केन्द्रीय विद्यालय डिंडोरी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर केवी डिंडोरी ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 104 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए केन्द्रीय विद्यालय डिंडोरी की टीम सफल नहीं हो सकी और केवी नंबर-1 छिंदवाड़ा ने 55 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच में छिंदवाड़ा के लक्ष्य कपाले ने 31 गेंदों में 46 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि डिंडोरी के शौर्य पटेल ने 4 विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी की। प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों के जोश और प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया।

## अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह का समापन

### सांसद, विधायक ने की 10 लाख के विकास कार्यों की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का गरिमामय शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक विजय चौरे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा ताई डागा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वागत सत्कार के साथ हुआ। निर्वाचन के पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश भकने उपाध्यक्ष नरेंद्र गजभिए,सचिव अजय शेंडे, कोषाध्यक्ष कविता फरकारे, ग्रंथपाल अशोक गावंडे, सहसचिव दीपाली सीते सहित पूरी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभी पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों और न्याय व्यवस्था की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि अधिवक्ता न्याय प्रणाली की रीढ़ हैं।

उन्होंने न्यायालय परिसर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए अपनी सांसद निधि से 7 लाख रुपये देने की घोषणा की। विधायक विजय चौरे ने भी अधिवक्ताओं के सामाजिक और न्यायिक योगदान की सराहना करते हुए विधायक निधि से 3 लाख रुपये स्वीकृत किए।

कुल 10 लाख रुपये की राशि से अधिवक्ता संघ के भवन निर्माण और अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे, जिससे अधिवक्ताओं के साथ-साथ पक्षकारों और आम जनता को भी सुविधा होगी।अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिनेश भकने ने अपने संबोधन में न्यायालय परिसर की प्रमुख समस्याओं को अतिथियों के समक्ष रखा।उन्होंने बताया कि पार्किंग और बैठने की व्यवस्था हेतु भूमि की कमी है। हालांकि भूमि अधिग्रहण हेतु राशि आवंटित हो चुकी है, लेकिन प्रक्रिया अत्यंत धीमी है।

समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं का शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एड रवि शंकर धुर्वे द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता, गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन के साथ समारोह का समापन हुआ।

### अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

## दुपहिया वाहन से अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, 66 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में अवैध शराब के खिलाफ प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन से शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 66 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद की गई है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त-1 छिन्दवाड़ा की टीम ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, पातालेश्वर मंदिर रोड पर संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए एक जुपिटर दुपहिया वाहन को रोका गया। जब वाहन की तलाशी ली गई, तो उसमें अवैध शराब का जखीरा मिला।तलाशी के दौरान



वाहन के पायदान में रखे थैले से दो पॉलिथीन बैग में 15-15 लीटर कच्ची शराब मिली। इसके अलावा वाहन की डिक्की से भी दो पॉलिथीन बैग में 15-15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। वहीं, पीछे बैठे व्यक्ति के हाथ में रखी बोरी से 6 लीटर कच्ची शराब पाई गई। इस तरह कुल मिलाकर 66 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।आबकारी विभाग के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुदेश धुर्वे निवासी मेंढकी थाना उमरेठ और दिनेश भलावी निवासी बारंगा थाना देहात के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत करीब 10,000 रुपये आंकी गई है, जबकि जब्त वाहन की कीमत लगभग 1 लाख रुपये बताई जा रही है।इस पूरी कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री जी.एल. वैद्य, आबकारी आरक्षक श्री जितेंद्र सिंह धुर्वे, श्री राजकुमार सैयाम एवं श्री जगदीश डहरवल की अहम भूमिका रही।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### 30 अप्रैल अंतिम तिथि ऑनलाइन स्व-गणना आज ही करें

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत ऑनलाइन स्व-गणना की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 अब बेहद करीब है। नागरिकों के पास अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने का यह अंतिम अवसर है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और तुरंत स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूर्ण होने पर एक एसई आईडी जनरेट होती है, जिसे 1 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रगणक के घर-घर भ्रमण के दौरान साझा करना अनिवार्य रहेगा।

### आज से शुरू होंगे शिविर, अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में एडीआईपी योजना अंतर्गत जिले में अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए कैलीपर्स एवं कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) के चिन्हांकन, ऑन-द-स्पॉट निर्माण एवं वितरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन कल 27 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। यह शिविर एस.आर. ट्रस्ट, रतलाम के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण के बाद पात्र हितग्राहियों को स्थल पर ही निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। विकासखंडवार शिविर तिथियां इस प्रकार हैं—27 अप्रैल को लखनादौन, 28 अप्रैल को धनोरा, 29 अप्रैल को छपारा, 30 अप्रैल को केवलारी, 04 मई को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (जिला चिकित्सालय परिसर, सिवनी) में—जिसमें जनपद सिवनी एवं नगर पालिका सिवनी के हितग्राही शामिल होंगे। इसके पश्चात 05 मई को कुरई, 06 मई को बरघाट तथा 07 मई को घंसौर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## अंधी लूट का लखनवाड़ा पुलिस ने किया खुलासा

# तीन आरोपी गिरफ्तार, लूट की रकम सहित एक मोटर साईकिल व तीन मोबाईल फोन जप्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दिनांक 18.04.2026 को प्रार्थी शिवकुमार पिता खुमानसिंग वर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी ललितपुर (बाना) थाना लखनवाडा द्वारा रिपोर्ट लेख कराया गया कि दिनांक 17.04.2026 को चौरई मंडी से गेंडू बेचने के 1,40.000 रूपये पिता खुमान सिंग वर्मा के साथ वापस ग्राम ललितपुर द्वाना आते समय रात करीबन 9.30 बजे ग्राम कोहका के आगे एक मोटर सायकिल में बैठे अज्ञात व्यक्तियों के व्दारा अचानक पीछे से आकर संडा से हमला कर, मारपीट कर बरा धमकाकर गेहूं की ब्रिकी के 1.40.000/- रूपये लूटकर भाग गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लखनवाड़ा में अप. 173/2020 घारा 300(6),3(5) वीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता महोदय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रिवनी श्रीमान सचिन परते महोदय के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी लखनवाड़ा द्वारा थाना लखनवाडा के अप 060 173/2026 धारा 309(6) 3(5) बीएनएस के अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु तत्काल टीमें गठित की गई थी।

गठित टीमों द्वारा अप.क. 173/2026 को अज्ञात आरोपियों की



तलाश पतासाजी हेतु प्रारंभिक घटनास्थल से लेकर अंतिम घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। तकनीकी सामयों के आधा पर लूट की घटना में अज्ञात तदिग्ध तीन व्यक्तियों की उपस्थिति प्रतीत होने पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये।

दिनांक 25.04.2026 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की थाना लखनवाडा क्षेत्रांतर्गत घटित लूट के संदिग्ध आरोपी चौरई बायपास के आसपास पुनः घटना कारित करने की नीयत से घूम रहे है। सूचना तस्दीक हेतु तत्काल उप निरी. कोमल टोप्पो हमराह स्टाफ के चौरई बायपास पहुंची एवं थाना चौरई के स्टाफ सउनि संजय ठाकुर एवं प.आर. 687 कन्हैया सनोडिया की मदद से संदिग्ध आरोपियों की घेराबंदी कर पकडा गया। पकडे गये संदिग्ध तीनों व्यक्तियों से उनका नाम पत्ता पूछने पर अपना अपना नाम गलत बताकर घबराने लगे जिन्हें हमराह स्टाफ के थाना लखनवाड़ा लाया गया तथा तीनों के पृथक-पृथक मनोवैज्ञानिक तरीके से हिकमतअमली से पूछताछ करने तीनों आरोपियों द्वारा दिनांक 17 04.2026 को प्रार्थी शिवकुमार वर्मा निवासी ललितपुर (बाना) थाना लखनवाड़ा को मोटर सायकिल रोककर मारपीट कर गेहू बिकी के 140.000/-रूपये लूट कर ले जाने की बात स्वीकार किये है।

आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकिल, तीन मोबाईल फोन एवं घटना में लूटी गई राशि में से 01 लाख 22 हजार रूपये तीनों आरोपीगणों से पृथक-पृथक बरामद की गई। आरोपियों को दिनांक 25.04.26 को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। नाम आरोपी संदीप पिता रामकृष्ण बघेल उम्र 30 साल निवासी जैतपुरकला थाना लखनवाडा पूर्व आपराधिक रिकार्ड जुआ एव मारपीट के प्रकरण दर्ज है एवं थाना बण्डोल में हत्या तथा थाना कोतवाली में हत्या का प्रयास का प्रकरण पंजीबद्ध है। 2-अभय उर्फ गब्बर पिता मगलू चकवर्ती उम्र 19 साल निवासी खमरिया थाना लखनवाडा पूर्व आपराधिक रिकार्ड मारपीट का 01 प्रकरण पंजीबद्ध है। 3-रोहित जर्फ विक्की पिता सूरज चकवती जम्र 23 साल निवासी मोहगाव बाना लखनवाडा पूर्व आपराधिक रिकार्ड चोरी के प्रयास के 02 प्रकरण पंजीबद्ध है।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण सम्पन्न, 2112 अभ्यर्थी रहे उपस्थित



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में रविवार को आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 2783 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। प्रथम सत्र में 2133 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 650 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय सत्र में 2112 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी तथा 671 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं तथा प्रशासनिक अधिकारियों की सतत निगरानी में परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा भी उपस्थित रही।

# आज से 8 मई तक पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री हेतु शिविर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के किसानों को उर्वरक वितरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब उर्वरकों का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके लिए किसानों को अपनी भूमि एवं फसल का विवरण पोर्टल पर दर्ज कराना अनिवार्य है। इसी कड़ी में कलेक्टर सुश्री नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले की सभी पंचायतों में 27 अप्रैल से 08 मई 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में किसान अपनी संपूर्ण भूमि को फार्मर आईडी से लिंक करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उर्वरक वितरण एवं उपार्जन कार्य किसानों की फार्मर आईडी से लिंक भूमि के आधार पर ही किया जा रहा है। ऐसे में सभी किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्ररी में पंजीयन कराना आवश्यक है, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कृषकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर अपनी पंचायत में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पंजीयन कराएं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, भूमि संबंधी दस्तावेज तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है।

प्रशासन ने सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लेकर अपनी भूमि का पंजीयन एवं फार्मर आईडी से लिंक कराने की अपील की है, ताकि उन्हें समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सके।

# पीएम आवास योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों की समस्या को लेकर नवागत कलेक्टर से मिले पार्षद

### त्रुटिपूर्ण राजस्व रिकॉर्ड और सर्वे में सुधार की मांग

### नवागत कलेक्टर नेहा मीना ने दिया ठोस कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज छपारा।

गत दिनों छपारा नगर परिषद के कुछ जागरूक पार्षदों ने नवागत कलेक्टर नेहा मीणा से मुलाकात कर पी एम आवास योजना के पात्र हितग्राहियों की समस्या को लेकर मुलाकात की। ज्ञात हो कि नगर परिषद छपारा के विभिन्न वार्डों में वर्षों से निवास कर रहे सैकड़ों गरीब परिवार आज भी शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। इस मामले में गुरुवार, 23 अप्रैल को नगर परिषद छपारा के पार्षदों के दल ने सिवनी की नवागत कलेक्टर नेहा मीना से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

तीस वर्षों से निवास, फिर भी सूची से नाम गायब



कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में पार्षदों ने बताया कि छपारा नगर के सभी 15 वार्डों में ऐसे अनेक परिवार हैं जो पिछले तीस से अधिक वर्षों से शासकीय भूमि पर पट्टे के आधार पर निवास कर रहे हैं। ये परिवार नियमित रूप से नगर परिषद को मकान टैक्स, जलकर व अन्य करों का भुगतान भी कर रहे हैं। इसके बावजूद, त्रुटिपूर्ण राजस्व रिकॉर्ड सर्वे, मद परिवर्तन और नक्शा सुधार कार्य न होने के कारण इन पात्र हितग्राहियों को अपात्र घोषित कर सूची से बाहर कर दिया गया है।

लाभ नहीं मिलने से कच्चे मकानों में रहने को मजबूर गरीब परिवार-कलेक्टर से मुलाकात पर पार्षद के दल ने अवगत कराया कि परिषद क्षेत्र के अधिकांश परिवार अनुसूचित जाति, जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं, जो मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। वर्तमान में ये लोग कच्चे खपरैल वाले मकानों में रहने को मजबूर हैं। दस्तावेज़ उपलब्ध होने के बाद भी तकनीकी खामियों के कारण उन्हें पक्का मकान बनाने के लिए सरकारी सहायता नहीं मिल पा रही है। नवागत कलेक्टर नेहा मीना ने पार्षदों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और मामले की गंभीरता को देखते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्यालय द्वारा सभी संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा की जाएगी और नियमों के तहत आवश्यक सुधार कर पात्र लोगों को लाभान्वित करने की कार्रवाई की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से पार्षद शिवनीता राजपूत, विशाल भारद्वाज, दिनेश उईके एवं राकेश भारद्वाज उपस्थित रहे। पार्षदों के दल ने कलेक्टर नेहा मीणा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया साथ ही नगर की अन्य मूलभूत समस्याओं पर भी उनका ध्यान आकर्षित कराया।

### देर रात बज रहे डी.जे.पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही, एक डी.जे. साउण्ड सिस्टम सहित पीकप वाहन जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना कोतवाली सिवनी द्वारा वर्तमान में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय रहवासियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए लॉन संचालकों के द्वारा बिना अनुमत्ति निर्धारित समयावधि उपरांत भी तेज आवाज में शहर में डी.जे.बजाने, नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालक पर कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 25/04/2026 को राशी लॉन के सामने सिवनी में बिना अनुमति संचालित किये जाने पर 01 डी.जे. साउंड सिस्टम के संचालक पर धारा 7/15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए डी.जे. साउंड सिस्टम मय वाहन के जप्त करते हुए अपराध पंजीबध्द किया गया है। इससे पूर्व भी कोतवाली सिवनी पुलिस द्वारा बिना अनुमति तेज आवाज में संचालकों द्वारा डी.जे. साउंड सिस्टम बजाते पाये जाने पर पृथक पृथक अपराध पंजीबध्द किया गया था।

# रिकॉर्ड समय में तैयार हुई नई पानी टंकी, थानेगांव में लौटी जल खुशहाली

### रायसिंग एंड कंपनी की तेज कार्यशैली से ग्रामीणों को मिली राहत, नल-जल योजना के तहत घर-घर पहुंचा स्वच्छ पानी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद पंचायत लांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत थानेगांव में आखिरकार पेयजल संकट का समाधान हो गया है। करीब पांच से छह माह पहले पुरानी पानी टंकी अचानक गिर जाने के बाद गांव के सामने गहरा जल संकट खड़ा हो गया था। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के हैंडपंपों और अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा था। ऐसे कठिन समय में रायसिंग एंड कंपनी ने जिम्मेदारी उठाते हुए नई पानी टंकी के निर्माण कार्य को तेज गति से पूरा कर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी है।ग्रामीणों के अनुसार पुरानी टंकी गिरने के बाद गांव में रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो गई थी। महिलाओं और बुजुर्गों को पानी भरने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पीएचई विभाग ने नई टंकी निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराई, जिसका कार्य रायसिंग एंड कंपनी को सौंपा गया। कंपनी ने समयबद्ध योजना बनाकर दिन-रात मेहनत करते हुए निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया।



ग्रामीणों ने बताया कि रायसिंग एंड कंपनी ने केवल तेजी से कार्य नहीं किया, बल्कि निर्माण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया। तकनीकी मानकों के अनुरूप टंकी का निर्माण किया गया ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

निर्माण कार्य के दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने लगातार स्थल पर निगरानी रखी और हर चरण को सावधानीपूर्वक पूरा किया।

नई पानी टंकी तैयार होने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर इसका शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही नल-जल योजना के तहत गांव के घर-घर पानी पहुंचाना शुरू कर दिया गया। जैसे ही नलों से पानी आया, ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। गांव के लोगों ने रायसिंग एंड कंपनी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। अब थानेगांव के लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा और गांव में फिर से जल सुविधा सुचारू रूप से बहाल हो गई है।

## मेधावी विद्यार्थियों व बुजुर्गों को किया गया सम्मानित

# संत शिरोमणि सेन महाराज की 726 वीं जयंती मनाई गई

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** श्रीराम मंदिर परिसर में संत शिरोमणि श्री सेन महाराज की 726 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ आयोजित की गई। इस पावन अवसर पर सेन समाज द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की एकता और शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक बंधुओं द्वारा संत शिरोमणि श्री सेन महाराज के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान समारोह में उपस्थित जनसमूह ने संत सेन महाराज के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सामाजिक बंधुओं ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया और समाज की एकता को और प्रगाड़ करने का संकल्प लिया।



समाज की नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम में शैक्षणिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कक्षा 5 वीं से कक्षा 12 वीं तक के 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाल विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मान किया गया। इसमें सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 8 वीं से अनन्या मानकर, रिद्धि उसराठे, वैष्णवी शेंडे, कक्षा 10 वीं से तुलसी सिवनकर, कक्षा 5 वीं से चिराग लांजेवार के अलावा अन्य कई मेधावी छात्रों को भी उनकी उपलब्धि के लिए मंच पर सम्मानित किया गया।

परंपरानुसार समाज के वरिष्ठ नागरिकों का शाल और श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। सम्मान समारोह के उपरांत समाज उत्थान को लेकर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। वक्ताओं ने समाज को एकजुट करने और बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और नैतिकता की शिक्षा देने पर बल दिया। उन्होंने चर्चा में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा जितनी जरूरी हैं, उससे कहीं अधिक आवश्यक बच्चों के आचरण में संस्कारों को आत्मसात करवाना है।

समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संत सेन महाराज की जयंती गौरवपूर्ण तरीके से मनाई गई है। समाज को मेरा यही संदेश है कि अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं और उन्हें उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करें। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें संस्कारी बनाएं। आज के दौर में बच्चे शिक्षित तो हो रहे हैं, लेकिन उनमें संस्कारों की कमी देखी जा रही है। समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब हमारी युवा पीढ़ी शिक्षित होने के साथ साथ नैतिक रूप से भी मजबूत होगी।

# जूनेवानी तालाब में मछलियों की मौत से मछुआ समिति को बड़ा झटका

### चार एकड़ के तालाब में 30 हजार की मछलियां मरीं, समिति ने जांच और मुआवजे की उठाई मांग



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** ग्राम पंचायत घोटी के अंतर्गत आने वाले ग्राम जूनेवानी के गांव तालाब में अचानक बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो जाने से आदर्श मछुआ सहकारी समिति लांजी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। तालाब में लगभग 30 हजार रुपये मूल्य की मछलियां मृत पाई गई हैं। घटना के बाद समिति के सदस्यों में नाराजगी और चिंता दोनों देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार जूनेवानी का यह गांव तालाब करीब चार एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसे आदर्श मछुआ सहकारी समिति लांजी ने ग्राम पंचायत से 10 वर्षों की लीज पर लिया है। समिति द्वारा तालाब में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में मछली बीज डाली गई थी। सदस्यों को उम्मीद थी कि इस बार अच्छी पैदावार होगी और समिति को आर्थिक लाभ मिलेगा, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। समिति के सदस्य खुशीराम पिता भाऊलाल तरारी ने बताया कि जब सदस्य तालाब पहुंचे तो बड़ी संख्या में मछलियां पानी में मृत अवस्था में तैरती मिलीं। इस दृश्य को देखकर सभी सदस्य हैरान रह गए।

समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि मछलियों की मौत के पीछे क्या कारण है, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई है कि पानी की गुणवत्ता में गिरावट या किसी बाहरी कारण से यह घटना हुई हो सकती है। समिति ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी समिति का समर्थन करते हुए कहा कि मत्स्य पालन से जुड़े लोगों की आजीविका बचाने के लिए प्रशासन को शीघ्र कदम उठाने चाहिए। वहीं ग्राम पंचायत घोटी के सरपंच ने बताया कि आदर्श मछुआ सहकारी समिति द्वारा ग्राम पंचायत से दस वर्षो के लिए तालाब लीज पर लिया गया है। मछली मरने का कारण एक तो पानी की कमी या गर्मी की वजह होगी। सरपंच ने कहा कि इस घटना से वाकई समिति को नुक्सान हुआ है इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए एवं प्रशासन को यहां का सर्वे कर मुआवजा मिलना चाहिए।

## ग्रामीणों ने ग्रीष्मकालीन समय पर खदान को बंद करवाने की उठाई आवाज

# मैंगनीज खदान में गहरी खुदाई, गांव में सूख गए कुएं

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी में ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है। तकरीबन 2 हजार की आबादी वाला यह गांव आने वाले दिनों में विकराल जल संकट का सामना कर सकता है। अर्जुनी गांव की यह स्थिति गांव की सीमा से लगे ग्राम जाम में संचालित मेसर्स नम्रता उपाध्याय की अंडरग्राउंड मैंगनीज खदान से बेतहाशा यानी गहरी खुदाई कर मैंगनीज का खनन किए जाने की कथित वजह से निर्मित हुई है। खदान में गहरी खुदाई का असर गांव में साफतौर पर दिखाई देने लगा है। खदान से अत्यधिक खनन के कारण गांव का भूजल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। नतीजा यह हुआ कि गांव के कई कुएं पूरी तरह से सूख गए हैं। हैड़पंप पानी की जगह हवा उगल रहे है और घरेलू उपयोग वाले बोरवेलों ने भी दम तोड़ दिया है। खदान में कई फीट गहरी खुदाई की वजह से आधुनिक मशीनों से होने वाले बोरवेल भी सफल नहीं हो पा रहे है। जिस कारण इस गांव की हर-घर नल-जल योजना भी संचालित नहीं हो पा हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाते हुए ग्रीष्मकालीन समय में खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने की मांग की है। गांव के जल संकट को लेकर रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण खदान पहुंचे ताकि चर्चा कर समस्या का निराकरण किया जा सकें। यहां मौजूद खदान के एक जिम्मेदार कर्मचारी से ग्रामीणों ने चर्चा करते हुए गांव के जल संकट का निराकरण करने के लिए कहां। कर्मचारी ने खदान मालिक को ग्रामीणों की समस्या और मांग के बारे में जानकारी देने का भरोसा दिया। जिसके बाद ग्रामीण अपने घरों के लिए वापस लौट गए। दरअसल, अर्जुनी गांव में शनिवार को एक विवाह समारोह के दौरान ग्रामीणों को जल संकट का इस कदर आभास हुआ कि उन्हें रात्रि में खदान संचालक से चर्चा करनी पड़ी। मैंगनीज खदान संचालक ने रविवार को विकल्प के तौर पर एक टैंकर से गांव में पानी की आपूर्ति शुरू की है लेकिन ग्रामीण स्थाई समाधान की मांग कर रहे है।




**व्यर्थ में बहाया जा रहा पानी:** अर्जुनी गांव के ठीक बगल में ग्राम जाम की सीमा में खसरा नंबर 747 में 20 एकड़ की भूमि मेसर्स नम्रता उपाध्याय को वर्ष 2002 से वर्ष 2052 तक की 50 वर्ष की लीज पर दी गई है। पहले यहां ओपन और अब अंडरग्राउंड खदान संचालित कर मैंगनीज निकाला जा रहा है। जमीन के नीचे से मैंगनीज निकालने के लिए गहरी खुदाई की गई है। जिससे अर्जुनी गांव का भूजल स्तर बीते 2 से 3 वर्षों में तेजी से रसातल की ओर जा रहा है। उधर, संचालक खदान में बड़ी-बड़ी मोटर लगाकर पानी को व्यर्थ ही बहा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जो पानी व्यर्थ में ही बहाया जा रहा है। उसे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर उपयोग में लाया जा सकता है। इस दिशा में खदान संचालक और प्रशासन को सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है।

नल जल से वंचित नहीं रहेगा अब कोई घर परिवार जल जीवन मिशन पहुंचाएगा नल से जल सबके द्वार, यह ध्येय वाक्य- जल जीवन मिशन योजना का है। ग्राम पंचायत अर्जुनी में इस योजना के तहत 1 करोड़ 3 लाख 81 हजार रुपए खर्च हुए है। सूचना फलक के अनुसार मेसर्स पिपले कंसलटेंट छिंदवाड़ा नाम की एंजेसी से पंचायत में कार्य किया है। गांव में 50 हजार लीटर की क्षमता वाली पानी टंकी, 20 हजार लीटर की क्षमता वाला सम्पवेल बना है। 197 घरों में नल कलेक्शन लगे है। जबकि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के पोर्टल पर नल कनेक्शन का आंकड़ा 383 है। आंकड़ों में झोल और मोटी धनराशि खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। इस योजना को संचालित करने के लिए गांव में कई जगह बोरवेल किए गए परंतु कहीं भी पानी का स्त्रोत नहीं मिल पाया। अब गांव के एक तालाब में कुप तैयार किया जा रहा है।

गांव में बढ़ते जल संकट ने अब निर्माण कार्यों पर भी सीधा असर डालना शुरू कर दिया है। पानी की कमी के कारण गांव में आवासों के निर्माण कार्य ठप हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर, मवेशियों को पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789

# आदिवासियों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने लगाई बॉक्साइट खनन पर रोक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले की बैहर तहसील में 62 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि पर प्रस्तावित बॉक्साइट खनन परियोजना पर केंद्र सरकार ने फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। केंद्रीय वन सलाहकार समिति (FAC) ने पर्यावरण और वन्यजीवों की सुरक्षा को देखते हुए इस फैसले को टाल दिया है और मध्य प्रदेश सरकार से कई सवालों के जवाब मांगे हैं।**





यह खनन प्रोजेक्ट मेसर्स निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड को दिया जाना था। 117.51 हेक्टेयर के इस पूरे प्रोजेक्ट में 62 हेक्टेयर हिस्सा घने जंगलों का है। अगर यह प्रोजेक्ट शुरू होता, तो इलाके के 16,648 पेड़ों की बलि देनी पड़ती। समिति ने पाया कि यह क्षेत्र कान्हा-पेंच कॉरिडोर से सिर्फ 21 किलोमीटर दूर है और यहां बाघ, तेंदुआ, भालू और गौर जैसे जानवरों का बसेरा है।

इस प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय आदिवासियों में भारी गुस्सा है। 12 फरवरी को उकवा में हुए एक प्रदर्शन में आदिवासियों ने आरोप लगाया था कि सरकार ने बिना ग्रामसभा की अनुमति लिए खनन के लिए कागजी प्रक्रिया आगे बढ़ाई है। जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए क्षेत्र में लगातार आंदोलन चल रहा है।एक तरफ केंद्र ने तकनीकी आधार पर फाइल रोकी है, वहीं दूसरी तरफ जबलपुर के एक वकील ने कंपनी के खिलाफ पर्यावरण मंत्रालय में गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कंपनी के परिसर में एक तेंदुए की संदिग्ध मौत हुई थी, जिसके बाद उसके अंगों के साथ छेड़छाड़ की गई और सबूत मिटाने की कोशिश की गई। इस वन्यजीव अपराध की जांच फिलहाल लंबित है और कंपनी के पट्टे निरस्त करने की मांग उठ रही है। वन सलाहकार समिति ने परियोजना को रोकने के लिए कई आपत्तियां जताई हैं- कंपनी ने बदले में पेड़ लगाने के लिए जो जमीन दिखाई, वह छोटे-छोटे टुकड़ों में है, जिसे समिति ने नामंजूर कर दिया। वाइल्डलाइफ विंग की आधिकारिक रिपोर्ट अभी तक जमा नहीं की गई है। प्रस्तावित क्षेत्र से गुजर रही बिजली की ट्रांसमिशन लाइन को लेकर संबंधित विभाग से अनुमति नहीं ली गई है।

समिति ने साफ कर दिया है कि जब तक इन सभी बिंदुओं पर संतोषजनक जवाब और वन्यजीव अपराध के आरोपों पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। फिलहाल यह प्रोजेक्ट 'स्थगित' श्रेणी में डाल दिया गया है।

# अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई: दो हाइवा डंपर जप्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा आज 26 अप्रैल को तिरोड़ी एवं कटंगी तहसील क्षेत्र में सघन छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर दो हाइवा डंपरों को जप्त किया गया है।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि पहली कार्रवाई तहसील कटंगी के बाईपास रोड पर की गई, जहां वाहन क्रमांक-MH-40-CD-4193 को अवैध रूप से गिट्टी परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उक्त वाहन को जप्त कर थाना कटंगी में खड़ा कराया गया है। वाहन चालक की पहचान मिथलेश उईके, निवासी ग्राम चंडी पोस्ट अजनिया, तहसील छपारा जिला सिवनी के रूप में हुई है।

वहीं दूसरी कार्रवाई में वाहन क्रमांक UP-70-HT-4064 को ग्राम कोसुंबा क्षेत्र में अवैध गिट्टी परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। वाहन चालक अजीजूर रहमान पिता अताऊर रहमान, निवासी बोरी कला थाना बरघाट जिला सिवनी को मौके पर कार्रवाई के दौरान चिन्हित किया गया है।

खनिज विभाग द्वारा जप्त दोनों वाहनों के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जल संरक्षण की दिशा में मलाजखंड बना मिसाल 'कैच द रेन' अभियान से मिलेगा जल संकट से स्थायी समाधान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जल संकट जैसी गंभीर चुनौती से निपटने के लिए नगर पालिका परिषद मलाजखंड ने एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल करते हुए 'कैच द रेन' अभियान को जन-आंदोलन का रूप देना शुरू कर दिया है। जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर में तेजी से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

नगर पालिका परिषद द्वारा अपने सभी आवासीय भवनों और तीन मंजिला कार्यालय भवन को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग युक्त बना दिया गया है। इसके साथ ही नगर के दो सामुदायिक भवनों में भी यह आधुनिक सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किया जा चुका है, जो जल संरक्षण के प्रति प्रशासन की गंभीरता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश बाघमारे ने सभी नगरवासियों से जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए अपने-अपने घरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की है।उन्होंने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण कर हम न केवल वर्तमान जल संकट से राहत पा सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी पानी की अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि "हर घर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग" की पहल से नगर में भूजल स्तर में सुधार होगा और जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

सीएमओ दिनेश बाघमारे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद की कॉलोनी में कुल 30 आवास हैं, जिनमें से 26 पक्की छत वाले मकानों में जल संरक्षण की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। साथ ही पिछले मात्र 20 दिनों में 75 निजी एवं शासकीय भवनों को इस अभियान से जोड़ा गया है, जो नगर में जल संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता और प्रशासन की सक्रियता का प्रमाण है। नगर में जल्द से जल्द सभी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें सभी नवनिर्मित घरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य किया जा चुका है।

## दोनों पालियों में 3,866 अभ्यर्थियों में से बड़ी संख्या रही उपस्थित

# बालाघाट में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन रविवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें पहली पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक चली।

जिले में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 3,866 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्थाएं की गई थीं। पहली पाली में 2,948 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 918 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 2,903 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए। परीक्षा के लिए बनाए गए प्रमुख केंद्रों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरवेली, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती विद्यालय, शासकीय कमला नेहरू गर्ल्स कॉलेज, जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, एक्सीलेंस स्कूल तथा अपोलो कॉन्वेंट स्कूल सहित अन्य संस्थान शामिल रहे।

जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। कुल मिलाकर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें अभ्यर्थियों ने अनुशासन के साथ भागीदारी निभाई।

# गढ़ी पंचायत में मनाया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत बैहर की ग्राम पंचायत गढ़ी में शुक्रवार 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम ग्राम की प्रथम नागरिक सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी ने कहा कि भारत में हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन 1993 में 73वें संवैधानिक संशोधन के लागू होने की याद में मनाया जाता है, जिसने पंचायतों को संवैधानिक दर्जा दिया। इस दिवस का उद्देश्य जमीनी स्तर पर लोकतंत्र, स्थानीय स्वशासन और ग्रामीण सशक्तिकरण को बढ़ावा देना हैं। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी अपनी-अपनी बातें रखी। साथ ही क्लीन गढ़ी, ग्रीन गढ़ी के अभियान में जन-जन से जुड़ने की अपील की गई। कार्यक्रम में उपसरपंच प्रताप सिंह करायत, इको विकास समिति के अध्यक्ष एवं पंच डा. अमित पाटिल, सचिव इतवारी धुर्वे, रोजगार सहायक सम्मलसिंह धुर्वे, मोबिलाइजर सुश्री हेमलता धुर्वे के अलावा पंचगण उपस्थित रहे।

## रोपा और बोआर पद्धति को छोड़ डीएसआर पद्धति अपनाने की सलाह

# डीएसआर तकनीक से धान बुवाई की ओर बढ़ते किसान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बदलते समय के साथ खेती में भी आधुनिक तकनीकों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। धान उत्पादन में अब परंपरागत रोपाई पद्धति की जगह डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह विधि न केवल पानी की बचत करती है, बल्कि समय, श्रम और लागत में भी उल्लेखनीय कमी लाती है।**




उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि डीएसआर तकनीक से धान की बुवाई करने पर 15 से 30 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। समतल खेत में नमी युक्त मिट्टी में सीड ड्रिल के माध्यम से 2-3 सेंटीमीटर की गहराई पर बीज बोए जाते हैं, जिससे लगभग 100 प्रतिशत अंकुरण संभव होता है। इस पद्धति से किसानों को करीब एक महीने का समय बचता है और श्रम लागत भी कम हो जाती है।विशेषज्ञ बताते हैं कि डीएसआर विधि में पहली सिंचाई की आवश्यकता लगभग 21 दिन बाद पड़ती है, जिससे शुरुआती दिनों में पानी की जरूरत नहीं होती। साथ ही यह विधि भू-जल स्तर को बनाए रखने में भी सहायक है। परंपरागत रोपाई पद्धति अब किसानों के लिए कई समस्याएं खड़ी कर रही है। इस विधि में प्रति हेक्टेयर 280 से 300 मानव घंटे तक श्रम की आवश्यकता होती है, जिससे लागत बढ़ जाती है। समय पर मजदूरों की उपलब्धता न होना भी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसके अलावा, रोपाई के दौरान खेत में कीचड़ (पडलिंग) करने से मिट्टी की संरचना खराब हो जाती है। मिट्टी कठोर हो जाती है, जिससे बाद की रबी फसलों के अंकुरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है और उत्पादन में कमी आती है।

डीएसआर तकनीक को सफल बनाने में सुपर सीडर मशीन अहम भूमिका निभा रही है। यह मशीन जुताई, बुवाई और बीज ढकने का काम एक साथ करती है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। प्रति एकड़ बुवाई में लगभग 10 हजार रुपये तक की बचत संभव है। सुपर सीडर का उपयोग करने से पराली जलाने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि यह उसे मिट्टी में मिलाकर उर्वरता बढ़ाता है और नमी बनाए रखने में मदद करता है। इससे फसल की पैदावार भी बेहतर होती है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे सुपर सीडर मशीन किराए पर लेने के लिए J-Farm App डाउनलोड कर पंजीयन करें और आधुनिक तकनीक का लाभ उठाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि डीएसआर तकनीक अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। जल संरक्षण के इस दौर में यह तकनीक भविष्य की खेती के लिए एक मजबूत विकल्प बनकर उभर रही है।

# नगरपालिका ने चलाया आवारा मवेशियों को पकडने का अभियान

## एक दर्जन से अधिक मवेशियों को पकड़ा



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर की सडक़ों पर बीते कुछ दिनों से आतंक का पर्याय बने आवारा मवेशियों के खिलाफ नगरपालिका प्रशासन ने कमर कस ली है। लगातार बढ़ती दुर्घटनाओं और यातायात में आ रही बाधा को देखते हुए बीती रात नगरपालिका के हांका गैंग ने विशेष रेस्क्यू अभियान चलाकर करीब एक दर्जन से अधिक मवेशियों को पकड़ कर कांजी हाउस पहुंचाया। जानकारी अनुसार नगर के पशु पालकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ देने के कारण ये मवेशी रामपायली, लालबर्रा, कटंगी और बालाघाट मुख्य मार्गों पर डेरा जमाये रहते हैं। विशेषकर रात्रि के समय अंधेरे में ये मवेशी सडक़ के बीचों बीच बैठे रहते हैं, जिससे मोटर साइकिल चालक इन्हें देख नहीं पाते और गंभीर सडक़ दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका प्रशासन के निर्देश पर बीती रात हांका गैंग के एक दर्जन से अधिक कर्मचारी मुस्तैद दिखे। टीम ने नगर के विभिन्न सडक़ मार्गों सहित मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र, सब्जी बाजार, प्रमुख चौराहा मार्ग में एनिमल कैचर वाहन के माध्यम से आवारा मवेशियों को घेराबंदी कर पकड़ा। कार्यवाही के दौरान करीब 1 दर्जन से अधिक मवेशियों को पकड़ कर सुरक्षित रूप से कांजी हाउस में दाखिल कराया गया है।

# 1 मई को 'अजमत हरमन कॉन्फ्रेंस' का भव्य आयोजन, देशभर के उलेमा और नातख्वां होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहर में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को और मजबूत करने के उद्देश्य से आगामी 1 मई 2026 (जुमा, नमाज़-ए-इशा के बाद) को अंजुमन शादी हॉल, बैहर रोड में "अजमत हरमन कॉन्फ्रेंस" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन अहले सुन्नत शहर व जिला बालाघाट के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से नामचीन उलेमा-ए-किराम, नातख्वां और इस्लामी विद्वान शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मशहूर इस्लामी विद्वान सैय्यद नूरानी मियां अशरफ अरकजी उल जिलानी (किछौछा शरीफ, उत्तर प्रदेश) अपनी विशेष तकरीर पेश करेंगे। वहीं, सदर-ए-मजलिस के तौर पर खतीब-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती-ए-आज़म फाज़िले नौजवान हजरत अल्लामा मौलाना आमिर रजा चतुर्वेदी (अकोला, महाराष्ट्र) मौजूद रहेंगे, जो अपने इल्मी बयान से श्रोताओं को संबोधित करेंगे।

इसके अलावा कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित शख्सियतें भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। इनमें प्रमुख रूप से उस्ताद-उल-उलेमा खलीफा-ए-हजूर शेर राजा शरीफ मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुल हबीब नूरी (काजीपुर, राजस्थान) और आले नबी औलादे अली हजरत अल्लामा मौलाना हाफिज व कारी सैय्यद सैफ उद्दीन (बुरहानपुर) शामिल हैं।

कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए मशहूर नातख्वां भी अपनी आवाज़ से महफिल को रूहानी रंग में रंग देंगे। इनमें हाफिजा शमीम, अब्दुल वहीद नूरी, मोहम्मद शमीम नूरी, मुफ्ती आफताब अहमद मिस्बाही, नजीर रजा, गुलाम मुस्तफा, राशिद हक मिस्बाही, शब्बीर अशरफी, जफर रजा, खुर्शीद आलम, कारी कलीमुल्लाह, गुलाम गौस और अब्दुल अजीज जैसे नाम शामिल हैं।



आयोजन समिति ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य समाज में भाईचारे, शांति और इस्लामी शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करना है। साथ ही नई पीढ़ी को दीन की सही राह दिखाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का प्रयास भी किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

आयोजकों ने जिले और आसपास के क्षेत्रों के सभी लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रूहानी महफिल में शामिल होकर अपने ईमान को ताज़ा करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए हैं।

यह आयोजन बालाघाट के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है, जो न केवल आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश भी देगा।

# प्रतिबंध के बावजूद नलकूप खनन का मामला, थानेगांव में मशीन की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




वारासिवनी तहसील क्षेत्र के ग्राम थानेगांव में प्रतिबंध के बावजूद नलकूप खनन किए जाने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप पिता उदय लाल ठाकरे द्वारा अपने खेत में नलकूप खनन कराया जा रहा था, जबकि सम्पूर्ण बालाघाट जिले में इस पर रोक लागू है। मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार श्री सुरेश उपाध्याय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जांच में प्रतिबंध के बावजूद खनन कार्य जारी पाए जाने पर नलकूप खनन मशीन को तत्काल जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भू-जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने किसानों से नियमों का पालन करने और जल संरक्षण में सहयोग देने की अपील की है।